झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

15 Sep 2023

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK

JSSC | DEFENCE - ARMY

CAPF | POLICE | Other Competitive Exam

Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com

Daily Current Affairs Booster

Contact : 8084818282, 9113365645

# Daily Current Affairs

Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 15 सितंबर का इतिहास

- **1948 :** स्वतंत्र भारत का पहला ध्वजपोत आईएनएस दिल्ली बंबई के बंदरगाह पर पहुंचा।
- **1931 :** गांधी इरविन समझौता हुआ।
- **1959 :** भारत की राष्ट्र प्रसारण सेवा दूरदर्शन की शुरूआत हुई।
- **1916 :** प्रथम विश्व युद्ध में पहली बार सोम्मे की लड़ाई में टैंक का इस्तेमाल किया गया।
- **2003 :** सिंगापुर के मुद्दे पर विकासशील देशों के भड़क उठने से डब्ल्यूटीओ वार्ता विफल हुई।

## 15 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय रिजर्व बैंक वृद्धिशील नकद आरक्षित अनुपात (आईसीआरआरआर) को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करेगा। 23 सितंबर को वृद्धिशील नकद आरक्षित अनुपात का 25% जारी करेगा। यह 7 अक्टूबर तक संपूर्ण आईसीआरआरआर को हटा देगा। आरबीआई ने प्रणाली में नकदी बनाए रखने और मुद्रा बाजार के व्यवस्थित कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए आईसीआरआरआर को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने का निर्णय लिया।
- अनिवार्य सोने की हॉलमार्किंग अब 55 और जिलों को कवर करेगी। सोने के आभूषणों और सोने की कलाकृतियों की हॉलमार्किंग आदेश 2023 लागू हो गया हैं। सरकार द्वारा अनिवार्य गोल्ड हॉलमार्किंग के तीसरे चरण को अधिसूचित कर दिया गया हैं। सरकार के आदेश के बाद यह 55 अतिरिक्त जिलों को अनिवार्य हॉलमार्किंग के दायरे में लाएगा। अनिवार्य हॉलमार्किंग के अंतर्गत आने वाले जिलों की कुल संख्या अब 343 हैं।
- जी20 नेताओं ने घोषणापत्र के सभी 83 पैराग्राफों पर 100% सहमति दी हैं। नई दिल्ली के नेताओं की घोषणा इस पर केंद्रित है: मजबूत, टिकाऊ, संतुलित और समावेशी विकास, एसडीजी पर प्रगति में तेजी लाना, टिकाऊ भविष्य के लिए हरित विकास समझौता, 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थान, बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित करना।
- भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में 6जी वायरलेस प्रौद्योगिकियों पर सहयोग के अवसरों का पता लगाने के लिए इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत 6जी अलायंस के अध्यक्ष एन. जी. सुब्रमण्यम और एटीआईएस के नेक्स्ट जी अलायंस के अध्यक्ष और सीईओ सुसान मिलर ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू अनुसंधान ओर विकास प्राथमिकताओं को संरेखित करने की सुविधा प्रदान करेगा जो सामान्य 6जी दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं और सुरक्षित और विश्वसनीय दूरसंचार और लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाते हैं।
- कोलकाता में आयोजित 2023 टाटा स्टील शतरंज इंडिया टूर्नामेंट में भारत के आर प्रगनानंद ने प्रभावशाली तीसरा स्थान हासिल किया, और खुद को अग्रणी भारतीय दावेदार के रूप में स्थापित किया।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 2941 करोड़ रूपये की लागत से सीमा सड़क संगठन द्वारा विकसित 90 महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्धघाटन करेंगे। वह जम्मू संभाग के सांबा जिले में इन परियोजनाओं का उद्धघाटन करेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह सांबा जिले में बिश्नाह, कौलपुर, फूलपुर रोड़ पर अत्याधुनिक 422.9 मीटर लंबे, क्लास 70 आरसीसी देवक ब्रिज का उद्धघाटन करेंगे। इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों, भारी उपकरणों और मशीनीकृत वाहनों को तेजी से भेजने में सुविधा होगी।
- केंद्र साइटों को खरीदरों को गुमराह करने के लिए डार्क पैटर्न बनने से रोकेगा। इंटरनेट पर विशेष रूप से ई-कॉमर्स प्लेटफार्मो पर डार्क पैटर्न को रोकने और विनियमित करने के लिए, केंद्र ने मसौदा दिशानिर्देशों पर सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी हैं। इंटरनेट के विकास के दौरान डार्क पैटर्न कई ऐप्स और वेबसाइटों की एक प्रमुख विशेषता रही है, ओर दुनिया भर के नियामकों ने उन्हें सीमित करने के लिए कदम उठाना शुरू कर दिया हैं।
- भारतीय स्टेट बैंक द्वारा रूपे एनसीएमसी प्रीपेड कार्ड लॉन्च किया गया। यह नेशन फर्स्ट ट्रांजिट कार्ड मेट्रो, बसों, वाटर फेरी, पार्किंग आदि में एक ही कार्ड के माध्यम से आसान डिजिटल टिकटिंग किराया भुगतान की सुविधा के लिए लॉन्च किया गया हैं। इसके अलावा व्यक्ति खुदरा और ई-कॉमर्स भुगतान करने के लिए नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड का भी उपयोग कर सकते हैं। एसबीआई एमएमआरसी मेट्रो लाइव 3 और आगरा मेट्रो में एनसीएमसी आधारित टिकटिंग समाधान भी लागू कर रहा हैं, जो निष्पादन के उन्नत चरण में है और बहुत जल्द जनता के लिए उपलब्ध होगा।
- तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख और आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हे उनके कार्यकाल के दौरान आंध्रप्रदेश राज्य कौशल विकास निगम में 317 करोड़ के कथित घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया हैं। पूर्व सीएम पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और बेईमानी से संपति की डिलीवरी के प्रेरित करने और धारा 465 के तहत आरोप लगाए गए हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 सितंबर (B) 12 सितंबर
(C) 14 सितंबर (D) 15 सितंबर

**(D)** देश के विकास में इंजीनियरों की अहम भूमिका होती है। हर साल भारत में 15 सितंबर के दिन इंजीनियर्स दिवस मनाया जाता हैं। गणित और विज्ञान के सिद्धांतों के साथ इंजीनियर्स ने कई नवीन कार्य किए जिससे दुनिया का विकास हुआ हैं। उनकी उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए विभिन्न देशों में इंजीनियर्स दिवस मनाया गया।




**2. अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 12 सितंबर (B) 13 सितंबर
(C) 15 सितंबर (D) 16 सितंबर

**(C)** हर साल 15 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता हैं। इस खास दिन के लिए 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव पारित किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस में लोगों के बारे में और लोगो के लिए लोकतंत्र की महत्ता याद कराने का अवसर देता हैं। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनुष्यों के मूल अधिकारों को सुरक्षा और प्रभावी समर्थन को याद कराने का एक महत्वपूर्ण दिन है।



**3. हाल ही में कौनसा देश करतारपुर कॉरिडोर में थीम पार्क विकसित करेगा ?**

(A) चीन (B) पाकिस्तान
(C) नेपाल (D) इंग्लैंड

**(B)** पाकिस्तान ने सिखों के पूजनीय स्थान पर अधिक तीर्थयात्रियों को लुभाने के लिए पंजाब प्रांत में करतापुर कॉरिडोर में एक सांस्कृतिक थीम पार्क का निर्माण शुरू कर दिया हैं। इस परियोजना की आधारशिला देश के कार्यवाहक संघीय धार्मिक मंत्री अनीक अहमद ने करतापुर साहिब की अपनी यात्रा के दोरान रखी।




**4. हाल ही में किस राज्य सरकार ने नंद बाबा दूध मिशन को लागू करने के लिए समिति बनाई है ?**

(A) महाराष्ट्र (B) राजस्थान
(C) उत्तर प्रदेश (D) मध्यप्रदेश

**(C)** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की ओर से नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत चार महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसमें नंदिनी कृषक समृद्धि योजना भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गांव में नई दुग्ध सहकारी समितियां गठित कर दुग्धा उत्पादकों को दूध का उचित मूल्य दिलाने के लिए एक हजार करोड़ रूपये से लॉन्च नंद बाबा दुग्ध मिशन को धरातल पर उतारने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।




**5. हाल ही में किस देश ने संवादात्मक भुगतान के लिए हैलो यूपीआई लॉन्च किया है?**

(A) भारत (B) इटली
(C) अमेरिका (D) जर्मनी

**(A)** हाल ही में भारत ने संवादात्मक भुगतान के लिए हैलो यूपीआई लॉन्च किया हैं। ये पहल हैलो यूपीआई ओर भारत बिलपे कनेक्ट, प्राकृतिक भाषा में बातचीत के माध्यम से निर्बाध डिजिटल लेनदेन की सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। संवादात्मक भुगतान को सशक्त बनानाः हैलो यूपीआई उपयोगकर्ताओं को अपने स्मार्टफोन के साथ इंटरैक्टिव वार्तालापों के माध्यम से सहजता से भुगतान करने में सक्षम बनाता है।

**6. हाल ही में किस देश ने जी20 शिखर सम्मेलन में वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन शुरू करने की घोषणा की ?**

(A) ऑस्ट्रेलिया (B) भारत
(C) श्रीलंका (D) UAE

**(B)** भारत ने G20 शिखर सम्मेलन में वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन शुरू करने की घोषणा की। पीएम मोदी ने सभी देशों को वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया हैं। भारत, अमेरिका और ब्राजील एक वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन विकसित करने के लिए इच्छुक देशों के साथ मिलकर काम करेंगे। भारत का प्रस्ताव पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण को 20% तक ले जाने के लिए वैश्विक स्तर पर पहल करना है।



**7. हाल ही में NPCI ने डिजिटल भुगतान के लिए किस देश के बैंक के साथ समझौता किया है ?**

(A) इंडोनेशिया (B) म्यांमार
(C) भूटान (D) बांग्लादेश

**(D)** हाल ही में विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक रिलीज में बताया कि भारत ने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन (एनपीसीआई) और बांग्लादेश के बैंक के बीच डिजिटल पेमेंट ढांचे में सहयोग के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। गौरतलब है कि भारत में एनपीसीआई ही यूपीआई पेमेंट के ढांचे के लिए जिम्मेदार संस्था है।




**8. हाल ही में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने कहाँ अपना पहला लाइफवर्स स्टूडियो लांच किया है ?**

(A) मेटा (B) अमेजन
(C) फेसबुक (D) गूगल

**(A)** हाल ही में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने युवा इंटरनेट उपयोगकर्ताओं से जुड़ने के लिए मेटावर्स पर अपना पहला लाइफवर्स स्टूडियो लॉन्च किया हैं। लाइफवर्स स्टूडियो एसबीआई लाइफ कॉर्पोरेट वेबसाइट पर उपलब्ध है और उपयोगकर्ताओं के लिए कई प्रकार के अवतार पेश करता है।




**9. हाल ही में किस राज्य की कैबिनेट ने AFSPA हटाने के लिए सिफारिश की है ?**

(A) मणिपुर (B) त्रिपुरा
(C) असम (D) मेघालय

**(C)** हाल ही में असम राज्य की कैबिनेट ने भी AFSPA हटाने की सिफारिश सरकार से की हैं। विवादास्पद सशस्त्र बल अधिनियम 1958 के तहत अशांत क्षेत्रों में काम करने वाले सशस्त्र बलों के कर्मियों को अभियान चलाने और बिना वारंट के किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार देता हैं। इस कानून के तहत गिरफ्तारी ओर बचाव की भी छूट देता है।




**10. हाल ही में किस देश में बारिश का 140 वर्षो का रिकॉर्ड टूटा है ?**

(A) स्वीडन (B) हांगकांग
(C) जर्मनी (D) सिंगापुर

**(B)** हांगकांग में शक्तिशाली तूफान हाइकुई के कारण मूसलाधार वर्षा ने 140 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया हैं। हांगकांग वेधशाला ने बताया कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में 70 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई जबकि न्यू टेरिटरीज के उत्तर पूर्वी हिस्से और हांगकांग द्वीप पर 200 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई है।

